भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

........

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1053**
(3 दिसम्बर, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए)

**पीएमजीएसवाई के अंतर्गत जारी की गई निधियां**

**1053. श्री नतुजी हालाजी ठाकोर :**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों के लिए 100 प्रतिशत हिस्सा केन्द्रीय सरकार द्वारा वहन किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2004-05 से 2011-12 के दौरान राज्यों को आबंटित और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) उक्त अवधि के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निधि की अधिकतम धनराशि प्राप्त करने वाले पांच राज्य कौन-कौन से हैं ; और

(घ) क्या यह सच है कि गुजरात को अधिकांश राज्यों की तुलना में काफी कम धनराशि प्राप्त हुई है ?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री लालचंद कटारिया)**

(क): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), पीएमजीएसवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार सड़क से न जुड़ी पात्र बसावटों को सड़क से जोड़ने के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मैदानी क्षेत्रों में 500 एवं इससे अधिक (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों और पर्वतीय राज्यों, जनजातीय (अनुसूची-V) क्षेत्रों, मरुभूमि वाले क्षेत्रों (मरुभूमि विकास कार्यक्रम में यथा निर्धारित) और समेकित कार्ययोजना (आईएवाई) के अंतर्गत गृह मंत्रालय एवं योजना आयोग द्वारा यथा निर्धारित 82 चुनिंदा जनजातीय एवं पिछड़े जिलों में 250 एवं इससे आबादी वाले कोर नेटवर्क में सड़क से न जुड़ी पात्र बसावटों को सड़क से जोड़ने की संकल्पना की गई है। खेत से बाजार तक सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चुनिंदा ग्रामीण सड़कों का उन्नयन भी इस योजना का एक उद्देश्य है, यद्यपि यह इसका मुख्य उद्देश्य नहीं है। 50 मीटर (आईएपी जिलों में 75 मीटर) तक लंबे पुलों सहित नयी सड़क के लिए निधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। लंबे पुलों के लिए राज्यों द्वारा निधियों में हिस्सेदारी पूर्व निर्धारित आधार पर की जाती है। इसके अतिरिक्त, नवीकरण एवं अनुरक्षण का वित्तपोषण राज्यों द्वारा किया जाता है।

(ख): वर्ष 2004-05 से 2011-12 तक राज्यों को रिलीज की गई निधियों के ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(ग): उपर्युक्त अवधि के दौरान बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य को पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सर्वाधिक निधियां मिलीं।

(घ): पीएमजीएसवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, मंत्रालय में राज्य से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर राज्यों के लिए परियोजनाएं स्वीकृत की जाती हैं और इनके लिए राज्यों को निधियां रिलीज की जाती हैं। इस योजना की शुरूआत से लेकर अब तक गुजरात राज्य को इस कार्यक्रम के अंतर्गत 1,01,550.51 करोड़ रु. की कुल रिलीज की तुलना में 1,434.86 करोड़ रु. रिलीज किए गए हैं।

*****

## राज्य सभा में दिनांक 03.12.2012 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1053 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राज्यों को रिलीज की गई निधियों के ब्यौरे (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | राज्य | आवंटन (उपकर) 2004-05 | रिलीज 2004-05 | आवंटन (उपकर) 2005-06 | रिलीज 2005-06 | आवंटन (उपकर) 2006-07 | रिलीज 2006-07 | आवंटन (उपकर) 2007-08 | रिलीज 2007-08 | आवंटन (उपकर) 2008-09 | रिलीज 2008-09 | आवंटन (उपकर) 2009-10 | रिलीज 2009-10 | आवंटन (उपकर) 2010-11 | रिलीज 2010-11 | आवंटन (उपकर) 2011-12 | रिलीज 2011-12 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. | 11. | 12. | 13. | 14. | 15. | 16. | 17. | 18. |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 90 | 89 | 100 | 184 | 100 | 155 | 105 | 317 | 105 | 471 | 90 | 872 | 37 | 667 | 47 | 607 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 35 | 0 | 52 | 52 | 52 | 54 | 57 | 102 | 57 | 104 | 49 | 283 | 20 | 370 | 25 | 213 |
| 3. | असम | 75 | 165 | 176 | 157 | 176 | 431 | 181 | 555 | 181 | 967 | 155 | 1,179 | 64 | 1,901 | 81 | 1,683 |
| 4. | बिहार | 150 | 16 | 332 | 223 | 332 | 524 | 337 | 701 | 337 | 1,023 | 288 | 1,693 | 118 | 3,366 | 150 | 3,336 |
| 5. | छत्तीसगढ़ | 87 | 215 | 235 | 303 | 235 | 709 | 240 | 1,051 | 240 | 931 | 205 | 510 | 84 | 679 | 107 | 802 |
| 6. | गोवा | 5 | 0 | 5 | 0 | 5 | 0 | 5 | 0 | 5 | 0 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 7. | गुजरात | 50 | 0 | 60 | 69 | 60 | 117 | 65 | 145 | 65 | 230 | 56 | 194 | 23 | 322 | 29 | 67 |
| 8. | हरियाणा | 20 | 28 | 25 | 20 | 25 | 200 | 30 | 216 | 30 | 272 | 26 | 255 | 11 | 158 | 13 | 60 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 60 | 14 | 82 | 171 | 82 | 140 | 87 | 313 | 87 | 269 | 74 | 125 | 31 | 199 | 39 | 305 |
| 10. | जम्मू व कश्मीर | 20 | 20 | 60 | 70 | 60 | 0 | 65 | 72 | 65 | 191 | 56 | 370 | 23 | 366 | 29 | 757 |
| 11. | झारखंड | 110 | 0 | 170 | 153 | 170 | 57 | 175 | 0 | 175 | 209 | 149 | 418 | 61 | 839 | 78 | 843 |
| 12. | कर्नाटक | 95 | 0 | 105 | 141 | 105 | 46 | 110 | 271 | 110 | 635 | 94 | 765 | 39 | 918 | 49 | 0 |
| 13. | केरल | 20 | 10 | 25 | 42 | 25 | 15 | 30 | 25 | 30 | 82 | 26 | 100 | 11 | 144 | 13 | 200 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 213 | 256 | 435 | 370 | 435 | 1,150 | 440 | 1,616 | 440 | 1,844 | 376 | 2,111 | 154 | 1,966 | 196 | 1,138 |
| 15. | महाराष्ट्र | 130 | 0 | 140 | 142 | 140 | 103 | 145 | 564 | 145 | 1,030 | 124 | 944 | 51 | 1,238 | 65 | 791 |
| 16. | मणिपुर | 20 | 18 | 28 | 6 | 28 | 0 | 33 | 76 | 33 | 20 | 28 | 149 | 12 | 145 | 15 | 176 |
| 17. | मेघालय | 35 | 0 | 40 | 8 | 40 | 0 | 45 | 0 | 45 | 36 | 38 | 0 | 16 | 64 | 20 | 37 |
| 18. | मिजोरम | 20 | 46 | 27 | 61 | 27 | 27 | 32 | 19 | 32 | 65 | 27 | 45 | 11 | 96 | 14 | 94 |
| 19. | नागालैंड | 20 | 18 | 25 | 55 | 25 | 0 | 30 | 13 | 30 | 86 | 26 | 65 | 11 | 25 | 13 | 10 |
| 20. | उड़ीसा | 175 | 175 | 268 | 305 | 268 | 625 | 273 | 547 | 273 | 1,251 | 233 | 1,594 | 96 | 2,467 | 122 | 1,965 |
| 21. | पंजाब | 25 | 0 | 30 | 49 | 30 | 81 | 35 | 360 | 35 | 243 | 30 | 348 | 12 | 194 | 16 | 165 |
| 22. | राजस्थान | 130 | 649 | 229 | 435 | 229 | 1,142 | 234 | 1,647 | 234 | 1,771 | 201 | 583 | 82 | 886 | 105 | 668 |
| 23. | सिक्किम | 20 | 0 | 25 | 40 | 25 | 36 | 30 | 170 | 30 | 55 | 26 | 70 | 11 | 77 | 13 | 80 |
| 24. | तमिलनाडु | 80 | 80 | 85 | 59 | 85 | 20 | 90 | 71 | 90 | 89 | 77 | 520 | 32 | 470 | 40 | 160 |
| 25. | त्रिपुरा | 25 | 0 | 35 | 20 | 35 | 71 | 40 | 130 | 40 | 360 | 34 | 152 | 14 | 258 | 18 | 206 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 315 | 317 | 370 | 632 | 370 | 325 | 375 | 1,219 | 375 | 1,650 | 324 | 2,838 | 133 | 1,309 | 169 | 204 |
| 27. | उत्तराखंड | 60 | 0 | 95 | 14 | 95 | 13 | 100 | 79 | 100 | 115 | 85 | 165 | 35 | 238 | 45 | 295 |
| 28. | पश्चिम बंगाल | 135 | 270 | 221 | 354 | 221 | 124 | 226 | 545 | 226 | 623 | 193 | 375 | 79 | 820 | 101 | 824 |
| | कुल (राज्य) | 2,220 | 2,386 | 3.480 | 4,135 | 3,480 | 6,165 | 3,615 | 10,823 | 3,615 | 14,621 | 3,089 | 16,724 | 1,269 | 20,181 | 1,614 | 15,685 |